## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल किया पार

**कटनी।** शहर सहित ग्रामीण अंचलों में सक्रिय बदमाश आए दिन अपनी करतूत दिखाते हैं। कुठला थाना क्षेत्र में बदमाश ने मोटर साइकिल पार कर दी। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 5 नायक मोहल्ला बिलहरी में संतोष कुमार बर्मन पिता किशोर बर्मन निवासी बिलहरी की अज्ञात बदमाश ने बाइक क्रमांक एमपी 21 जेडसी 1798 कीमती 80 हजार रुपए पार कर दी है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

### सहकारिता उद्योग समिति की बैठक 30 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत की सहकारिता उद्योग समिति की बैठक शुक्रवार 30 मई को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक के दौरान खरीफ उपार्जन 2024-25, रबी उपार्जन 2025-26, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, रासायनिक उर्वरक तथा बीज के भंडारण एवं वितरण तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की जायेगी। सहकारिता उद्योग समिति के सचिव ने कविता पंकज राय सभापति ग्राम मौजा सिलौड़ी, मोहनी देवी पांडेय सदस्य ग्राम पहाड़ी पो. निवार, प्रेमलाल केवट सदस्य ग्राम खजुरा पो. गुड़ेहा, प्रिया सिंह सदस्य ग्राम भनपुराकलां भटगवॉ, प्रदीप त्रिपाठी सदस्य ग्राम स्लीमनाबाद ब्रम्हाणपुरा, पंकज राय मनोनीत सदस्य ग्राम मौजा सिलौड़ी को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑन लाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

### पांच लोगों से देशी एवं कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने खिरहनी फाटक रेल्वे लाईन के किनारे राहुल चौधरी निवासी सावरकर वार्ड खिरहनी फाटक के पास से 3 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त की। इसी तरह कैलवारा फाटक में संजू बर्मन निवासी सूफीसंत नगर के पास से 17 पाव देशी शराब जब्त की। उधर स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम बड़खेरा में संजेश उर्फ संजयपुरी के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की। बड़खेरा में सुमंत जायसवाल के पास से 17 पाव देशी प्लेन शराब, ग्राम धनवाही में रामसुजान जायसवाल के पास से 16 पाव देशी प्लेन शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे न विभागीय अधिकारी, ग्रामीणों का भटकाव

# स्टाफ की कमी से शोपीस साबित हो रही लाखों रूपए से बनी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा




सरकार द्वारा लाखों रूपए खर्च कर बिल्डिंग तो खड़ी कर दी गई है लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। लाखों रूपए का भवन महज शोपीस साबित हो रहा है। तहसील मुख्यालय से लेकर ग्राम स्तर तक सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भवन बनाकर डाक्टर एवं स्टाफ की पदस्थापना करना बिसरा दिया जाता है। नतीजा लाखों रूपए की बिल्डिंग महज शोपीस साबित होने लगी है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग या तो कई किमी का सफर करने को मजबूर होते हैं या फिर निजी अस्पताल में महंगा इलाज करवाने विवश होते हैं।

### सालों से की जा रही मांग

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय के बीच बनी लाखों रूपए फूंककर बनाई गई बिल्डिंग कई वर्षों से डॉक्टर विहीन है। यहां पर्याप्त स्टाफ भी नहीं है। दूर-दूर से लोग यहां इलाज की आशा लेकर की पहुंचते हैं लेकिन डॉक्टर न होने के कारण लोग उदास होकर के बैरंग वापस लौट जाते हैं। यह बिल्डिंग तहसील मुख्यालय के बीच पर स्थित है और डॉक्टर की कमी होने के कारण यह एक केवल शो पीस बनकर खड़ी है। कई बार हादसों में घायलों को त्वरित उपचार की सुविधा मुहैया नहीं हो पाती जिससे मौत तक हो जाती है। घायलों को 25 से 30 किलोमीटर ले जाना पड़ता है तब जाकर उन्हें इलाज मिलता है या पोस्टमार्टम किया जाता है तब तक सुबह से शाम हो जाती है क्योंकि ढीमरखेड़ा क्षेत्र में उमरियापान के अलावा कहीं भी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं है जिस कारण से लोगों को दर-दर भटकना पड़ता है।

ढीमरखेड़ा मुख्यालय से कटारिया ग्राम पंचायत की दूरी 30 से 35 किलोमीटर और ग्राम पंचायत खमरिया की दूरी 35 से 40 किलोमीटर की दूरी है और यह क्षेत्र जंगली क्षेत्र है जो की उसे क्षेत्र से आने-जाने में लोगों को आज सुविधा उठानी पड़ती है अगर इस क्षेत्र में कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है या किसी कारण से मृत हो जाता है तो उसके इलाज या पोस्टमार्टम के लिए गाड़ी वहां वालों को पैसा भी अतिरिक्त देना पड़ता है और पूरा दिन का समय दुखित पीड़ित परिवार को देना पड़ता है

### सुध नहीं ले रहे जिम्मेदार

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के लोगों क्षेत्रीय नेताओं से कई बार कम से कम एक डॉक्टर की पदस्थापना करवाये जाने की मांग की जा रही है लेकिन वह भी पूरी नहीं हो पा रही। ग्रामीणों का कहना है कि नेता बातें को बड़ी बड़ी करते है लेकिन रात गई बात गई वाली चरितार्थ होती हैं। ग्रामीणजनों द्वारा मौजूदा विधायक एवं पूर्व विधायकों को भी कई बार इस समस्या की ओर ध्यानाकर्षण कराया लेकिन हर बात की तरह बस आश्वासन का लालीपॉप ही मिला। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से अति शीघ्र डॉक्टर की पदस्थापना कराये जाने की मांग की है ताकि मरीजों, घायलों एवं महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया मिल सके।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भारत सरकार की एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृतिम अंग प्रदान करनें के उद्धेश्य से परीक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार 27 मई को दोपहर 10 बजे से शाम 4 बजे तक सिविल लाईन कटनी स्थित डी.डी.आर.सी परिसर में किया जाना प्रस्तावित है।

आयुक्त नीलेश दुबे ने चिन्हांकन शिविर के कुशल आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाओं को समय सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु आदेश जारी करते हुए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

आयुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश के तहत शिविर स्थल में पेयजल व्यवस्था हेतु स्टाल लगाकर पानी की व्यवस्था एवं आवश्यकतानुसार टैंकर उपलब्ध कराने हेतु अभिषेक अरजरिया प्र सहायक टैंकर की ड्यूटी लगायी गई है एवं शिविर स्थल में पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा की ड्यूटी लगायी है। इसके साथ ही उपेन्द्र तिवारी एवं सुनील कुमार जार को शिविर स्थल पर उपस्थित होकर पंजीयन संबंधी कार्यवाही के दायित्व सौंपे गए हैं।

### ये दस्तावेज आवश्यक

भारत सरकार की एडिप योजनांतर्गत दिव्यांगजनों के लिए माटराईज्ड ट्राईसाईकिल प्राप्त करनें हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी 80 प्रतिशत का डिजिटल दिव्यांगता का प्रमाण पत्र आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आय प्रमाण पत्र के तहत सभी स्त्रोतों से मासिक आय 22500 रूपये प्रतिमाह से कम होना आवश्यक है। इस हेतु राजस्व विभाग, सांसद, विधायक या वार्ड पार्षद द्वारा आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

### सहायक उपकरण प्राप्त करनें हेतु आवश्यक दस्तावेज

एडिप योजनांतर्गत सहायक उपकरण प्राप्त करनें के लिए दिव्यांगजनों को पहचान पत्र, आधार कार्ड, ई-के.वाय.सी युक्त समग्र आई.डी, डिजिटल दिव्यांगता प्रमाण अथवा यू.डी.आई.डी कार्ड सहित पासपोर्ट साईज की दो फोटो और सक्रिय मोबाईल नंबर होना आवश्यक है।

*मिट्टी का परीक्षण कराने जिला मुख्यालय जाने किसान हो रहे विवश*

# मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में कई सालों से लटक रहा ताला, किसानों हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा के रामपुर गांव में ब्लाक स्तर पर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला बनवाई गई हैं, लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना न किए जाने से प्रयोगशाला में बीते करीब 8 सालों से ताला लटक रहा हैं। किसानों को मिट्टी परीक्षण कराना हो तो नहीं हो पा रहा है। शहर लेकर जाने में समय, रुपयों आदि की बर्बादी होती है। मृदा परीक्षण खुल जाए तो आसपास के कई गांव के किसानों को लाभ मिलने लग जाएगा। विकासखंड स्तर पर मिट्टी परीक्षण न होने की वजह से किसानों को मिट्टी में कौन-कौन से पोषण तत्वों की कमी है, इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

किसान गांव-गांव से मिट्टी के सैंपल जिला मुख्यालय लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन व्यवस्था कम होने की वजह से सैंपलों की जांच प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि ब्लॉक में बनी प्रयोगशाला चालू हो जाएं तो मिट्टी परीक्षण का काम शीघ्र होने लगेगा।

मिट्टी में इन पोषक तत्वों की होती हैं जांचः- परीक्षण में मिट्टी के पीएच मान, विद्युत चालकता, ऑर्गेनिक कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, गंधक, जिंक, बोरॉन, लोहा, मैग्नीज, तांबा आदि की जांच की जाती है। इसके इसके बाद रासायनिक खाद के प्रयोग का निर्धारण किया जाता है। इसके साथ ही समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के लिए कंपोस्ट खाद, केंचुए की खाद, हरी खाद, राईजेबियम आदि भी जरूरत के अनुसार प्रयोग करने की सलाह किसानों को दी जाती है।

ढीमरखेड़ा विकासखंड के रामपुर गांव में प्रयोगशाला बनाई गई थीं। लेकिन यह प्रयोगशाला आज तक चालू ही नहीं हुई और ताले में बंद पड़ी हैं। इधर देखरेख न होने की वजह से सभी प्रयोगशाला जर्जर होने लगी हैं। दीवारों एवं दरवाजे के सामने बड़ी-बड़ी कटीली झांडियां उग आई हैं तो दीवारों में दरारें आ गई हैं। लेकिन इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद भी जिम्मेदार इन प्रयोगशाला का रख-रखाव नहीं कर पा रहे हैं।

### वन स्टाप सेंटर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन तथा सुमित शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सोमवार को वन स्टॉप सेंटर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित जनों को आधार और समग्र आईडी को लिंक करने और अपडेट करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार और समग्र आईडी को लिंक कराना अनिवार्य है। इसके लिए समय-समय पर ई-केवाईसी अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग अपनी समग्र आईडी को आधार से लिंक कर सकें। इस दौरान आराधना तिवारी, लता खरे पैरालीगल वालेंटियर एवं वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ की उपस्थिति रही।

# हाईवा चालकों के साथ मारपीट करने, वाहन में तोड़फोड़ सहित रूपए छीनने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दो हाईवा चालकों के साथ मारपीट करने, वाहनों में तोड़फोड़ तथा पैसे छीनने की घटना सामने आई हैं। यह घटना एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम पड़रिया में बीती रात करीब साढ़े 10 बजे हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार संजय आदिवासी व नरेश आदिवासी क्रमशः हाईवा क्रमांक एम.पी. 54 जीए 0459 व एम.पी. 19 एचए 1039 के चालक हैं। दोनों चालक बीतीरात साढ़े 10 बजे के लगभग अपने-अपने हाईवा लेकर मुरूम लोड करने जा रहे थे। इसीदौरान पूर्व सरपंच व वर्तमान जनपद सदस्य आशीष तिवारी व उनके साथी भोला नामक युवक स्कूटी में सवार होकर आए और चालकों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर दोनों हाईवा में जमकर तोड़फोड़ की और डीजल डलवाने के लिए जेब में रखे 7-7 हजार रूपए भी छीन लिए।

घटना के दौरान मौके पर रवीन्द्र व अनुज बेलिया नामक युवक भी मौजूद थे। जिन्होंने घटना को देखा है। पुलिस ने संजय आदिवासी की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है।

*राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश*

# लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने में तेजी लाने दी गई हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की के-वाईसी, फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी कार्यों में तेजी लाने की हिदायत दी है। कलेक्टर श्री यादव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-केवाईसी से संबंधित लंबित आवेदनों की सूची ग्राम पंचायत और पटवारी हल्कावार तैयार कर प्रस्तुत की जाय। कलेक्टर ने खसरा अभिलेख, नामांतरण पंजी, मिसिल बंदोबस्त अभिलेख सहित अन्य राजस्व रिकॉर्डों का डिजिटलाइजेशन की दृष्टि से अभिलेखों की स्कैनिंग कार्य करने की हिदायत दी और कहा कि इसके लिए नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपकर ग्रामवार अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को ताकीद किया कि आरओआर एंट्री और नक्शा तमीम का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने राजस्व वसूली में डायवर्सन मद में वसूली में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए और प्रभारी अधिकारी एसडब्ल्यूबीएन शाखा को सही वसूली पत्रक तैयार कर प्रस्तुत करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री नगरीय भू-अभिलेख योजना धारणाधिकार के लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही कर प्रतिवेदनमय प्रकरण के जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने की भी हिदायत दी। साथ ही कलेक्टर श्री यादव ने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

### टीएल बैठक में लोकसुनवाई सह जनसंवाद में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

# शिकायतों को जवाबदेही के साथ समय पर करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई जहां कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बड़गांव एवं सिहुड़ी में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते भी मौजूद रहीं।

समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने ई-गवर्नेंस, आवास, संबल योजना, बिजली, सड़क, पीएम किसान, राशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पानी एवं स्वास्थ्य आदि से संबंधित शिकायतों पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग शिकायतों का समय पर पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें।

जिला पंचायत के सीईओ ने समग्र ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने की हिदायत जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को दी। इसी प्रकार ई-गवर्नेंस के अंतर्गत ज्यादातर शिकायतें आधार अपडेशन से संबंधित रही जिस पर श्री गेमावत ने यूआईएडीआई से समन्वय कर इन शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए।

### स्थानांतरण की समीक्षा

बैठक के दौरान श्री गेमावत ने राज्य शासन द्वारा जारी ट्रांसफर पॉलिसी के तहत शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास एवं डीपीसी से प्राप्त स्वैच्छिक स्थानांतरण के आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही एक ही स्थान पर लंबे समय से कार्यरत एवं शिकायती कर्मचारियों के प्रशासकीय स्थानांतरण करने के निर्देश दिए।

### बिजली शिकायतों का करें निराकरण

बिजली विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों में ज्यादातर शिकायतें ट्रांसफॉर्मर बदलवाने एवं विद्युत क्षमता बढ़ाने से संबंधित रहीं। जिस पर श्री गेमावत ने आमजन की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए पूरी सक्रियता के साथ शासन के नियमानुसार शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला श्रम अधिकारी केवी मिश्रा, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आरके सोनी, कार्यपालन यंत्री पीएचई कालू सिंह डामोर, सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे।

# सड़क पर लगा रहे दुकान, जाम से हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




बिलैया तलैया सब्जी मंडी में अतिक्रमण, जाम और गंदगी स्थायी समस्या बनी हुई है। बदहाली और शोर शराबा के बीच रहने की तो स्थानीय सब्जी व्यापारियो की आदत में शुमार हो गया है लेकिन सब्जी खरीदी के लिये पहुंचने वाले जनसामान्य को यहा हद दर्जे की बदइंतजामियां झेलनी पड़ रही है। दरअसल सब्जी मंडी में व्याप्त अव्यवस्था से यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों से लेकर सब्जी मंडी में व्यवस्था सुधारने को लेकर जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है। सब्जी मंडी में प्रवेश करने के साथ ही आमजनों की परेशानी बढ़ जाती है। समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से लेकर किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

सब्जी मंडी में दुकाने व्यापार के लिये आवंटित की गई है लेकिन लगभग हर दुकानदार सड़क पर ही कारोबार कर रहा है। प्रशासन द्वारा सब्जी मंडी का दवाब कम करने थोक कारोबारियों के लिये पृथक से मार्केट बनाकर जगह आवंटित की है। लेकिन इसके बाद भी यहां समस्या जस की तस बनी हुई है।

बिलैया तलैया सब्जी मंडी में जाम लगने की मुख्य वजह सड़क पर लग रही दुकानें हैं । सब्जी बेचने वाले सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर सब्जी की दुकान लगा लेते हैं । जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। सब्जी मंडी में दुकान संचालक दुकान का उपयोग गोदाम की तरह और सड़क का उपयोग दुकान की तरह कर रहे हैं । दुकान के अंदर सब्जी का स्टॉक रखते हैं और सब्जी को सड़क पर रखकर बेचते हैं । कुछ दुकान संचालकों ने अपनी स्थाई दुकान के सामने सड़क को ही किराए पर दे रखा है । लोग हर दिन सब्जी मंडी में लगने वाले जाम से परेशान होते हैं । अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हो रही है।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया मोक्ष कल्याणक दिवस

**कटनी।** आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के प.प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनिश्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं मुनिसंघ के परम सानिध्य में श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग.जैन बड़े मंदिर में श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शांतिधारा करने का परम सौभाग्य पंडित शैलेन्द्र जैन(शैलू शास्त्री) सुनील जैन छिदवाड़ा, विजय कुमार वैभव कुमार मोहन्द्रा, देवचंद सुनील कुमार सुधीर कुमार प्रेमचंद श्रवण कुमार,अरविन्द्र जैन को प्राप्त हुआ एवं लाडू चढ़ाने का सौभाग्य कोमलचंद जैन नगर निगम, प्रेमचंद श्रवण कुमार प्रतीक कुमार, हितार्थ जैन प्रीति जैन,राकेश मोदी, सतीश मोदी,सुमन मोदी विनिता जैन टिकरिया वालों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दि.जैन पंचायत महासभा के तत्वाधान में आयोजित निर्वाण लाडू सजाओं प्रतियोगिता में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि प्रथम स्थान शशि जैन नत्थूलाल, द्वितीय श्रीमति सोनिया संचित जैन, तृतीय पुरूस्कार श्रीमति रूची अंकित जैन को प्राप्त हुआ कार्यक्रम का संचालन पं.विकास जैन द्वारा किया गया। चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में स्थित शमोशरण मंदिर में प्रथम बार श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का महामस्काभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया इस अवसर पर शांतिधारा एवं लाडू चढ़ान का सौभाग्य रमेश चंद भजनसागर राकेश जैन पप्पू,अंकुर जैन दवाई, राजकुमार जैन, रॉबिन को प्राप्त हुआ तथा लाडू चढ़ाने कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय कुमार विश्व द्वारा किया गया।

### अचानक लापता हुई बालिका को किया दस्तयाब

**कटनी।** रीठी पुलिस टीम एक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि 12 मई को सूचना प्राप्त हुई कि नाबालिक बालिका घर से बिना बताये कहीं चली गई थी। बालिका के अचानक लापता होने की सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर खण्ड 137 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रथम सूचना पत्र पंजीबद्ध कर नाबालिंग बालिका की दस्तयाबी हेतु पुलिस टीम तैयार की गई। नाबालिंग बालिका की दस्तयाबी के हर संभव प्रयास कर 26 मई की देर रात्रि सफलता प्राप्त कर नाबालिंग बालिका को दस्तयाब कर सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राखी पाण्डेय, सउनि सुशील प्रजापति, आरक्षक अमन सिंह, आरक्षक ज्ञानेंद्र, आरक्षक शहंशाह, आरक्षक (सायवर) सतेंद्र राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अलग अलग स्थानों से पुलिस ने जब्त की अवैध शराब

**कटनी।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने एडीएम लाइन तिराहा में मनोहर हर्जकलानी के पास से एक बोरी में 20 पाव देशी शराब जब्त की है। कुठला पुलिस ने रानू निषाद निवासी चक्कीघाट के पास से 4.5 लीटर शराब, ओव्हर ब्रिज के पास चाका में कल्लू चौधरी निवासी घंघरीखुर्द के पास से 20 पाव देशी प्लेन शराब, छैघरा में रेनू कचेर के पास से 8 पाव देशी प्लेन 10 पाव लाल मासाला शराब रंगनाथ नगर पुलिस ने भारत चौक झर्राटिकुरिया में राजेश कुण्डे के पास से 45 पाव देशी लाल मशाला शराब, भारत चौक में अंकुश सोनखरे के पास से 48 पाव देशी लाल मशाला शराब जब्त की है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद पुलिस ने नवलिया पिपरिया में बाबादीन ठाकुर के पास से 30 पाव देशी प्लेन शराब, विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम मझगवां तिराहा में सेमाली कोल के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, ग्राम मझगवां तिराहा में संदीप कोल के पास से 17 पाव देशी शराब जब्त की है।

**विसंगतियों को दूर करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

# जिला चिकित्सालय में मरीजों को मर्ज से ज्यादा अव्यवस्थाओं की तकलीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला अस्पताल में सुविधाओं से ज्यादा अव्यवस्थाएं हावी रहती है। मरीजों एवं तीमारदारों को आधी अधूरी सुविधाओं से ही काम चलाना पड़ता है। विडंबना इस बात की है कि जिम्मेदार अधिकारी अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए गंभीर नहीं है। आए दिन कोई न कोई ऐसी घटना सामने आ जाती है जब व्यवस्थाओं की पोल खुल जाती है। उपलब्ध स्टाफ से लेकर डाक्टर तक अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही वाला रवैया अपनाए हुए हैं। जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं स्टाफ की कार्यप्रणाली पर नजर रखने एवं सुधार के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये गए हैं बावजूद इसके सुधार नजर नहीं आ रहा है।

मध्यम एवं गरीब तबके के लोग निजी महंगे अस्पतालों में उपचार कराने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते वे सरकारी अस्पतालों में ही उपचार के लिए पहुंचते हैं। जिला चिकित्सालय से लेकर तहसीलों में बने सामुदायिक स्वास्थ्य एवं उप एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी तमाम




अव्यवस्थाओं के कारण मरीजों को उपचार से ज्यादा अव्यवस्थाओं का तकलीफ झेलनी पड़ती है। ग्रामीण अंचलों के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों एवं स्टाफ की कमी की वजह से मरीज जिला अस्पताल की ओर रूख करते हैं। सुबह से ही अस्पतालों में पर्ची कटाने के लिए लंबी कतार लग जाती है लेकिन डाक्टरों के कक्षों में समय से नहीं पहुंचने के कारण घंटों इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल में डाक्टरों के पहुंचने की कोई समय सीमा तय नहीं रहती है। ड्यूटी के लिए सरकारी स्तर पर भले ही टाइम टेबिल बनाया गया है लेकिन इसका पालन नहीं होता।

समय पर चिकित्सक के नहीं मिलने से लेकर एक्सरे, सोनोग्राफी तक के लिए मरीजों को परेशान होना पड़ता है। स्टाफ की कमी का रोना तो है ही लेकिन जो है वह भी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से नहीं निभा रहे। कक्षों में बैठने के लिए भले ही कोई समय निर्धारित न हो लेकिन छुट्टी का टाइम फिक्स है। इसके अलावा अस्पताल में साफ सफाई का अभाव भी बना रहता है। सुरक्षा के लिए जगह-जगह लगाए गए अधिकांश सीसीटीवी कैमरे भी बंद पड़े है। भीषण गर्मी में मरीज गर्म हवा और लापरवाह सिस्टम की दोहरी मार झेल रहे हैं, उमस भरे माहौल में कूलर बंद हैं, पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं और बेड पर चादरें तक नहीं हैं। स्वास्थ्य प्रबंधन की इस लापरवाही ने सिस्टम की गंभीर खामियां उजागर करती हैं।

### सोनोग्राफी के लिए लंबा इंतजार

जिला अस्पताल में वर्षों से कोई स्थायी सोनोलॉजिस्ट पदस्थ नहीं है। यहां आने वाली गर्भवती महिलाएं हों या अन्य गंभीर मरीज सभी को जांच के लिए एक हफ्ते से लेकर पंद्रह दिन तक का इंतजार करना पड़ रहा है। जब से डॉ. आरके अठया ने मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी का पद संभाला है, तब से लेकर आज तक जिले में किसी भी रेडियोलॉजिस्ट की नियमित नियुक्ति नहीं हुई। करीब दो साल से यह स्थिति जस की तस बनी हुई है। मरीजों की संख्या बढ़ी है लेकिन जांच व्यवस्था वहीं ठप है। स्थिति ऐसी है कि मेडिकल कॉलेज जबलपुर से पोस्ट ग्रेजुएट कर रहे छात्र तीन महीने की इंटर्नशिप के तहत कटनी अस्पताल भेजे जाते हैं। इन्हीं से सोनोग्रॉफी की जिम्मेदारी निभाई जा रही है। इन डॉक्टरों को न तो पर्याप्त अनुभव होता है और न ही वे नियमित उपलब्ध रहते हैं। अक्सर अवकाश या छुट्टी पर रहने के कारण जांचें और भी प्रभावित होती हैं।

# अनाधिकृत होर्डिंग हटाने आज से होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 एवं सम्पत्ति विरूपण नियम 3 के तहत नगरीय सीमांतर्गत शासकीय, निजी भूमि एवं सम्पत्तियों में लगे अनाधिकृत पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, फ्लैक्स अपराध की श्रेणी में आने के कारण उन्हें बलपूर्वक हटाने एवं जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जाना है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने इस संबंध में एक आदेश जारी कर नगरीय सीमांतर्गत लगे अनधिकृत होर्डिंग्स को 27 मई से प्रतिदिन प्रातः से प्रचलित नियमों के परिपेक्ष्य में हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने विशेष दल का गठन किया है।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश में सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक एवं प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के तहत नगर की अनाधिकृत होर्डिंग्स को हटाने संबंधी संपूर्ण कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जबकि अश्विनी पांडे, योगेश पवार, विनोद सिंह, बाबूलाल रजक एवं सनीश रजक को अनाधिकृत होर्डिंग चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुए गठित दल के साथ होर्डिंग हटवाने की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल और उपयंत्री संजय मिश्रा एवं जे.पी.सिंह बघेल को स्थल पर उपस्थित रहकर होर्डिंग हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी को दस्ते के साथ उपस्थित रहने, जेसीबी वाहन एवं ट्रैक्टर ट्रॉली उपलब्ध कराने के साथ ही वेल्डिंग मशीन, कटर सहित मौके पर उपस्थित रहकर होर्डिंग पर कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### पूर्व में दी जा चुकी सूचना

उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि भवन एवं नगर निगम स्वामित्व की भूमि-भवन पर तथा अन्य स्थानों पर बिना अनुमति के स्थापित विज्ञापन फलक को 03 दिवस के अंदर स्वतः अलग करने हेतु समय-समय पर आम सूचना द्वारा सूचित किया गया है। परन्तु संबंधितों द्वारा बिना अनुमति के लगाई गई होर्डिंगों को नहीं हटाया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में नगर निगम द्वारा स्वयं ही विशेष दल के माध्यम से अनधिकृत होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में आने वाले संपूर्ण व्यय की क्षतिपूर्ति भूमि, भवन स्वामी से वसूल की जावेगी।

**संगोष्ठी के साथ जल के संचयन के लिए ली गई शपथ**

# ग्रामीणों को पानी का अपव्यय रोकने एवं जल संरक्षण करने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 3, देवगांव और ग्राम पंचायत हरद्वारा में ख़िरवा टोला में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुदरी व ग्राम ख़िरवा समाजसेवियों के द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें परामर्शदाताओं ने विचार रखते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने "जल गंगा संवर्धन अभियान" चलाया जा रहा है। जो 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है।



आगामी जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण की रूपरेखा भी बनाई जा रही है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं।

इस अभियान अंतर्गत साफ-सफाई भी की जा रही है व क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर बढ़ाने हेतु तालाब निर्माण के साथ ही तालाबों और कुओं के गहरीकरण के कार्य किए जा रहे है, जिससे वर्षा के दौरान जल संग्रहण हो सकेगा एवं भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी। इसके साथ ही नाला गहरीकरण, विस्तारीकरण, चेकडैम निर्माण तथा पुराने सोकपिट में रेट्रोफिटिंग कार्य संचालित है। बरसात के पानी का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है, यह भू-जल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा। जिसमे शासन के साथ मिलकर जनसहयोग किया जा रहा है व लोगों को इस अभियान में जुड़कर सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें ख़िरवा के शिव मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक तालाब के घाट की सफाई व तालाब गहरीकरण में श्रमदान किया गया। एवं कार्यक्रम के पश्चात मंदिर परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम में स्थित जलस्त्रोतों को संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

### वटवृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना की



सोमवार को महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा लगाकर विधि पूर्वक पूजा कर अखंड सौभाग्य एवं सुख समृद्धि की कामना की। वट सावित्री का पर्व ज्येष्ठ माह की अमावस्या को मनाया जाता है। सोमवार का दिन कई मायनों में खास रहा क्योंकि वट सावित्री व्रत के साथ सोमवती अमावस्या का शुभ संयोग बना। महिलाओं ने सुबह बरा बरसात पर्व की तैयारियों में लगी रही। समीपस्थ बरगद के वृक्ष की पूजा करने थालियां सजाकर पहुंची। महिलाओं ने पहले वट वृक्ष को जल अर्पित किया फिर रोली, चंदन और अक्षत से तिलक किया और धूप दीप जलाकर भोग लगाया। परिक्रमा करते हुये बरगद के तने पर कच्चे सूत के धागे को लपेटा और श्रद्धा पूर्वक पूजन किया। तदोपरांत अपने पुत्र व पति के आरोग्य एवं अखण्ड सौभाग्य की कामना की।

**स्वच्छता दूतों सहित स्वीपिंग मशीन से हो रही मार्गो की सफाई**

# सफाई के साथ कीटनाशक का छिड़काव, गंदगी फैलानें वालों पर जुर्माना कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वर्तमान ग्रष्म ऋतु में नगर में किसी भी प्रकार की बीमारी अपने पैर न पसार सके इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा सक्रियता के साथ दो पालियों में नगर की सफाई व्यवस्था की जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये जा रहे है। इसके अतिरिक्त आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नाले नालियों की सफाई कार्य सहित सुगम आवागमन व्यवस्था हेतु आवारा मवेशियों को पकड़नें के साथ ही फगिंग मशीन से घुआं छोड़े जाने का अभियान भी रोजना जारी है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रात्रि कालीन एवं प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्र, अन्य मार्गो सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेंड आदि का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से माधव नगर गेट से कलेक्ट्रेट कार्यालय जानें वाले मुख्य मार्ग की सफाई का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने का कार्य भी निगम प्रशसन द्वारा रोजाना किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आगामी वर्षा ऋतु में नगर के विभिन्न वार्डो में संभावित जलभराव क्षेत्र का चयन किया जाकर आसपास के बड़े नालों की सफाई का कार्य मशीनों एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से अनवरत जारी है। इसके साथ- साथ नगर की गलियों की नालियों की सफाई कराई जाकर कचरे का उठाव कार्य रोजाना किया जा रहा है।

मौसमी बीमारियों से एहतियात के तौर पर आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव के कार्य के साथ ही फागिंग मशीन से विभिन्न स्थलों ममें रासायनिक धुआं छोडनें का कार्य जारी है। जिसके तहत विगत दिवस इंदिरा गांधी वार्ड में शिवनगर, कुठला बस्ती, पुरवार स्कूल पहुंच मार्ग, हरिजन बस्ती, पटेल मोहल्ला, चौआ गली, बस स्टेंड के विभिन्न स्थलों में फागिंग मशीन से धुएं का छिड़काव कार्य किया गया।

**पशु मालिको से कहा पशुओं को सड़कों पर आवारा नहीं छोड़े**

# सड़कों में घूमने वाले पशुओं को पकड़ कर कांजीहाउस भेजने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नगर की प्रमुख सड़कों एवं स्थानों पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश को विधिवत रूप से कांजी हाउस में पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है।

नगर निगम के अमीर गंज स्थित कांजी हाउस में निराश्रित गोवंश के लिए चारा, भूसा, पानी एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि निराश्रित गोवंश एवं कतिपय गोवंश मालिकों द्वारा जानबूझकर सड़क पर विचरण करने के लिए छोड़े गए गोवंश, मवेशियों से सड़क पर आने जाने वाले वाहनों एवं आने जाने वाले लोगों में अक्सर सड़क दुर्घटनाओं



की संभावना बनी रहती है।

नेशनल हाईवे पर इन निराश्रित पशुओं की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं भी घटित होती हैं। दुर्घटनाओं को रोकने एवं पशुधन की जीवन रक्षा के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर सभी जगह के निराश्रित गोवंशों को कांजी हाउस में पहुंचाया जा रहा है। इससे आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सकेगी और पशुधन के जीवन की रक्षा भी हो सकेगी। पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं में रखने पर उनकी समुचित देखभाल भी हो सकेगी, सभी पशु मालिकों, किसानों से अपील भी की जा रही है कि वह अपने पशुओं को सड़कों पर विचरण के लिए ना छोड़े। पशुओं को अपने घर पर ही बांधकर रखें। उन्हें सड़क पर विचरण करने के लिए ना छोड़े। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी द्वारा बताया गया कि नगर पालिका के पास एक वाहन है, जिसमें एक बार में 10 गोवंशों को कांजी हाउस में छोड़ जा रहे हैं। अमीरगंज कांजी हाउस में निगम की हांका गैंग द्वारा अब तक 37 गोवंशों को पहुंचाया गया है।

### आम इश्तहार

एतद् द्वारा आवेदक सीताराम पिता मूलचंद शर्मा निवासी मुड़वारा के द्वारा ग्राम मुड़वारा स्थित भूमि खसरा नंबर 483/2/1 रकवा 0.104 हैक्टेयर भूमि में से रकवा 750 वर्गफुट भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र दिनॉंक 17.12.1982 के आधार पर नामांतरण किये जाने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो न्यायालय विचाराधीन है।
उक्त संबंध में भूमिस्वामी या किसी अन्य व्यक्ति/जनप्रतिनिधि या संस्था एवं बैंक आदि को आपत्ति हो तो स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/आक्षेप पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनॉंक 23/05/25 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सुनवाई का स्थान :
न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर)।
जारी दिनॉंक - 23/05/25
नियत दिनॉंक - 09/06/25

तहसीलदार
कटनी (नगर) कटनी

**प्रेमनगर खिरहनी में नवनिर्मित आवासों का लाटरी पद्धति से हुआ आवंटन**

# पीएम आवास के 106 हितग्राहियों को सौंपी गई पक्के आवासों की चाबियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी शहरी अंतर्गत ए.एच.पी घटक के ई डबल्यू एस आवास आवंटन का आयोजन सोमवार को निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान करीब 106 पात्र हितग्राहियों को प्रेमनगर खिरहनी में निर्मित कराये गए आवासों का लाटरी पद्धति से आवंटन किया जाकर उन्हें उनके उनके सपनों के आशियाने की चाबी सौंपी गई। इस दौरान नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना अनिल जायसवाल एवं प्रभारी सहायक यंत्री जे.पी.सिंह सहित काफी संख्या में योजना के हितग्राही उपस्थित रहे।

नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक बॉक्स में 106 हितग्राहियों की पर्चियां डाली गई थी। उन्हें एक-एक कर हितग्राहियों द्वारा





स्वयं निकालकर अपनें अपनें स्वये के भवनों का चयन किया। बॉक्स से पर्ची निकालने के पश्चात जैसे ही उन्हें अपने सपनों के आशियाना का नंबर पता चल रहा था वैसे ही पूर्ण कक्ष तालियों की गडगडाहट से संपूर्ण कक्ष गुंजायमान हो रहा था। इस दौरान हितग्राहियों के चेहरे में खुशियों की एक अलग ही झलक देखने को मिल रही थी। लाटरी पद्धति से भवन आवंटन की प्रक्रिया के दौरान प्रथक पर्ची श्री हेमराज तिवारी फ्लैट क्रमांक 204, जधामल भाटिया भवन क्रमांक 303, सत्येन्द्र प्रताप मौर्य भवन क्रमांक 208 तथा श्रीमती मुन्नी बाई भवन क्रमांक 303 का आवंटन किया गया। इसके पश्चात अनवरत रूप से लाटरी निकाली जाकर भवन आवंटन की प्रक्रिया जारी रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से हर गरीब परिवार के लिए पक्के भवन में रहने का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि अब हमारे देश में कोई भी परिवार कच्चे मकान में नहीं रहेगा। महापौर श्रीमती सूरी ने किसान युवाओं, महिलाओं एवं गरीब वर्ग के सशक्तिकरण हेतु प्रदेश एवं राज्य शासन के माध्यम से चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाकर इन योजनाओं से देश, प्रदेश, आम नागरिकों के सशक्त होने की बात कही।

### शीघ्र होगा गृह प्रवेश

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को आवंटित भवनों के अधिकार पत्र एवं भवनों की चाबियां सौंपी जाकर हितग्राहियों से शीघ्र ही आवंटित भवनों में गृह प्रवेश करने की बात कही। आपने हितग्राहियों से कहा कि आप सभी लोग आपस में मिलकर समिति गठित करें और सुरक्षा, स्वच्छता आदि का ध्यान रखते हुए इसे शहर की एक आदर्श सोसायटी के रूप में स्थापित करें। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल नें भवनों में विद्युत सुविधा की कार्यवाही प्रचलित होने की जानकारी दी जिस पर महापौर श्रीमती सूरी नें हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत व्यवस्था का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पताः बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहां हर पल खास बनता है।

पठाघाट पुल से 18 गांव के ग्रामीणों का होता है आना जाना, पुल नहीं बना तो होगी परेशानी

# निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार: बारिश के पहले नहीं बन पाएगा पठाघाट पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

ब्लॉक में अभी भी कुछ पुल पुलिया कम ऊंचाई के बने हुए हैं, जो बारिश में डुब जाते हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत व परेशानियां होती है। हालांकि कहीं-कहीं पर नए पुलों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन इन पुलों को बनाने की रफ्तार धीमी होने के चलते लोगों को चिंता सता रही है। क्योंकि जून से बारिश का दौड़ शुरू हो जाता है, जब तक यह पुल बनकर तैयार नहीं हो पाएगा दरअसल नगर मुख्यालय से दो किमी दूर जामुनखेड़ा मार्ग पर स्थित पठाघाट पुल पर शासन द्वारा नए पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो धीमी गति से चल रहा है। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि बारिश के पहले पुल नहीं बन पाएगा और ग्रामीणों को आवागमन में बाधा होगी यहां पर बना रपटा बारिश में डूब जाता था और कई बार इस कम ऊंचाई के पुल से हादसे भी हो चुके हैं जिसके बाद इस पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने रपटा को



तोड़कर नया पुल बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण जून 2025 तक पूरा कर लिया जाना था, लेकिन लोगों का कहना है काम की रफ्तार देखकर अंदाजा लगाया जा रहा न था कि पुल जुलाई तक नहीं बन पाएंगा। उक्त पुल लाखों की लागत से बनाया जा रहा है पांच माह में अभी पठाघाट पुल का 60 प्रतिशत ही काम हुआ दिखाई दे रहा है इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों ने बताया कि पुल निर्माण की रफ्तार धीमी गति से होने के कारण बारिश में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि अभी पुल का 60प्रतिशत तक ही कम हुआ है

### इस पुल से 18 गांव का होता है आना जाना

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यदि बारिश तक पुल निर्माण पूर्ण नहीं हुआ तो बड़ी दिक्कत होगी क्योंकि इस मार्ग से एक दर्जन से ज्यादा ग्राम जुड़े हुए हैं। जहां के रहवासी प्रतिदिन मार्ग से होकर तेन्दूखेड़ा मुख्यालय एवं अन्य जिले के लिए आते जाते हैं जिसमें खामखेड़ा निबोरा अजीतपुर दलपतखेड़ा कछ्याई खमरियाकला नन्ही देवरी निजाम देवरी बुढेला पटी बैलवाड़ा मानपुरा टगरा जवाहर नगर जामुन खेड़ा गोहुची खगोरिया बितली गांव आदि शामिल हैं इन गांवों में रहने वाले लोगों की आबादी करीब 30 हजार से अधिक है लोगों का कहना है अगर एक महीने में पुल बनकर तैयार नहीं हुआ तो लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इस पुल से बारिश के दिनों में निकलने के लिए दूसरा कोई ओर रास्ता नहीं है या फिर घूमकर 10 से 15 किलोमीटर का सफर तय कर शहर ओर गांव आना पड़ेगा।

### लंबे समय से की जा रही थी पुल की मांग

लगभग 30 साल पहले निर्मित हुए जामुनखेड़ा मार्ग पर स्थित पठाघाट पुल की ऊंचाई कम होने से जरा सी बारिश में डूब जाता है, इससे आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। काफी वर्षों से यहां एक बड़े पुल निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसको देखते हुए विधायक व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने प्रयास कर स्वीकृत कराया। यदि तीव्र गति से इस नए पुल का निर्माण पूर्ण हो जाता है तो इस बार बरसात में भी आवागमन सुगम रहेगा नहीं तो इस साल भी लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### पुल बनकर तैयार नहीं हुआ तो इस बार होगी ज्यादा समस्या

वहीं लोगों का कहना है कि अगर बारिश तक पठाघाट पुल बनकर तैयार नहीं हुआ तो 18 गांव के लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा क्योंकि ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण कार्य के दौरान पहले से बने पुराने पुल को तोड़कर नया पुल बनाया जा रहा है जिसके कारण राहगीरों को निकलने के लिए इस मार्ग पर दूसरा कोई और रास्ता नहीं है क्योंकि बारिश के दौरान नदी में पानी होगा और आजू-बाजू से कोई पक्का रपटा भी नहीं है अगर पुराना पुल होता तो लोगों को समस्या नहीं होती है अगर बारिश तक यह पुल बनकर तैयार नहीं होता है तो कई गांव टापू बन जाएंगे और बीमार लोगों ओर गर्भवती महिलाओं को बारिश के दौरान बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा क्योंकि यह मार्ग पूरी तरह से बारिश के दिनों में बंद हो जाएगा जिसके कारण इस मार्ग से कोई भी वाहन आ जा नहीं सकेगा ना ही पैदल निकल सकेंगे वहीं अगर लोगों को शहर आना है या फिर इन गांव तक पहुंचना है तो लोगों को लंबा सफर तय करना पड़ेगा क्योंकि इन गांव तक पहुंचने के लिए दमोह मार्ग होते हुए से खेरे गांव से खमरिया जाना होगा तभी इन 18 गांव तक लोग पहुंच पाएंगे और लोग शहर आ जा सकेगा लोगों की मांग है कि बारिश तक पुल बनकर तैयार हो और पुल की धीमी रफ्तार से तेजगति से कार्य शुरू किया जाए जिससे आने वाले दिनों में लोगों को दिक्कत ना हो।

## 44 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, 22 की कराई सोनोग्राफी



**हटा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान कराना है जिससे उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाले महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित संदर्भन सुनिश्चित कर राज्य में मातृ मृत्यु अनुपात कम करना एवं जच्चा बच्चा की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जिसके लिए शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के 9 तारीख एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, संपूर्ण लैब जांच, एवं विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित डॉक्टर का परामर्श शासकीय अस्पताल में निशुल्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सिविल अस्पताल हटा में जिला अस्पताल से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता त्रिवेदी द्वारा सिविल अस्पताल में गर्भवती माताओं की जांच की।

### 97 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

सीबीएमओ डॉ यूएस पटेल ने बताया कि शिविर में कुल 97 गर्भवती महिलाओं के पंजीयन किए गए जिसमें 53 नॉर्मल एवं 44 हाई रिस्क गर्भवतियों की एएनसी जांच कर 22 जोखिम लक्षण वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी मशीन से जांच कर परामर्श दिया गया। इसके अलावा शिविर में विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं की बीपी, शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, सीबीसी, सिफलिस , यूरिन, मलेरिया आदि की जांच की गई। सभी हितग्राहियों को जरूरी दवाइयां, पोषण आहार, परिवार नियोजन संबंधी जानकारी और सुरक्षित प्रसव की तैयारी के बारे में समुचित कॉउंसिलिंग प्रदान की गई।

## धूमधाम से मनाई गई आल्हा जयंती



**बनवार।** दमोह जिले के कटनी रोड पर स्थित माता कुल्ल्याऊ धाम में मेहरा महोबिया समाज द्वारा आल्हा जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान बुंदेलखंड के अमरवीर योद्धाओं की कहानी सुनाई गई और समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करने की बात कही गई। महोबिया समाज के अध्यक्ष गोविंद महोबिया और कौशल महोबिया ने समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने और समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करने की बात कही। कोषाध्यक्ष सरमन महोबिया ने प्रकृति को बचाने और परिवार संरक्षण पर ध्यान देने की बात कही। जगदीश प्रसाद महोबिया ने बुंदेलखंड के बीरों की गाथा सुनाते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन चंद जैन और तिलक सिंह लोधी सहित विभिन्न ग्रामों से पधारे अतिथियों की गरिमामई मौजूदगी में संपन्न किया गया।

## कलश यात्रा से कथा का शुभारंभ



**नरसिंहगढ।** ग्राम कल्याणपुर में श्रीमद भावगत साप्ताहिक कथा ज्ञान यज्ञ के भव्य आयोजन के पूर्व कल्याणपुर माता मंदिर से कलश पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंची। कलश के जल से पूजन अर्चना की गई। कथावाचक पंडित श्री पुजारी राममिलन दुबे भिलाई वाले के मुखारविंद से कथा का शुभारंभ रोज 4 बजे से हरि इच्छा तक होगा। कथा श्रोता श्रीमती कुसुम रानी पुरुषोत्तम साहू ने कल्याणपुर ग्राम में रोज 4 बजे से कथा सुनने हेत पधारने की अपील की है।

## खुले और असुरक्षित बोरवेल की जानकारी दमोह हेल्पाईन पर दी जाये

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि खुले और असुरक्षित बोरवेल की जानकारी तत्काल दमोह हेल्पलाइन नंबर पर दें ताकि स्थानीय निकाय की मदद से उन्हें बंद करवाया जा सके। उन्होंने कहा गर्मियों में बोरिंग कराने के बाद अक्सर बोरवेल को खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। अपने आसपास के क्षेत्रों में खुले बोरवेल की जांच करें और यदि कोई खुला बोरवेल दिखे तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर सूचित किया जाये। कलेक्टर श्री कोचर ने आश्वस्त किया है कि खुले बोरवेल की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी और स्थानीय निकाय की मदद से उन्हें बंद करवाया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है ताकि जिले को खुले बोरवेल के खतरे से बचाया जा सके।

# समर कैंप का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा में आयोजित किए जा रहे 20 दिवसीय समर कैंप का सोमवार को राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में समापन किया गया। इस दौरान सत्येंद्र सिंह लोधी ने छात्रों द्वारा बनाई गई चित्रकला का अवलोकन किया। तो वही समर कैंप में छात्रों को पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि सी.एम.राइस विद्यालय वह संस्था हैं जहां के शिक्षक बच्चों के भविष्य को तैयार करने के लिए नींव के पत्थर की तरह काम करते हैं और साथ ही बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की भी शिक्षा प्रदान की जाती है जिससे बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। विधानसभा जबेरा के सी.एम.राइस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 2024-25 के घोषित वोर्ड परीक्षा परिणामों में 90% परिणाम प्राप्त कर मध्यप्रदेश की टाप टेन लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया यह बहुत बड़ी बात है। साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में भी महाविद्यालय हमेशा अग्रसर रहा है जिसमें छात्रों ने स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 10 दिवसीय सरसी आइलैंड के प्रवास का भी सपना साकार हुआ। मैं सी.एम.राइस विद्यालय जबेरा के समस्त शिक्षकों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके पूर्व सत्येंद्र सिंह लोधी ने 38 करोड रुपए की लागत से बनने वाले नवीन भवन का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई द्वारा विद्यालय की उपलब्धियां को विस्तार से सभी के सामने प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सत्येंद्र सिंह लोधी की पुत्री सरन्या सिंह ठाकुर द्वारा स्पोकिन इंग्लिश की सरल विधि सभी छात्र-छात्राओं को विस्तार से समझाई गई। कार्यक्रम के अंत में बीस दिवसीय समर कैंप में सहभागिता निभाने वाले छात्र-छात्राओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं अन्य उपहार सामग्री से पुरुष्कृत किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सरपंच शिवलाल धुर्वे, श्रीमती मंजू सिंह ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद बाजपेई, प्राचार्य मोहनलाल सेन, प्रदीप मलैया, मुकेश सिंह ठाकुर, मिथलेश तिवारी, शैलेंद्र जैन सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं अनेकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# राजकुमार यादव के निधन पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा यादव समाज के पूर्व अध्यक्ष और सकल हिन्दू समाज के संरक्षक राजकुमार यादव के दुःखद निधन उपरांत स्थानीय फुटेरा वार्ड में श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष कपिल सोनी ने प्रस्तावना रखते हुए बताया कि राजकुमार यादव ने जिस तरह यादव समाज और हिन्दू समाज के हित में जो कार्य किया है वह अतुलनीय है।




उनके निधन से समाज को गहरी छति हुई है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने शोक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे बहुत ही पुराने संबंध राजकुमार यादव जी से रहें हैं। राजकुमार यादव ऐसा नाम है। उनके निधन से मुझे गहरी क्षति हुई है। जिसके बाद दो मिनिट का मौन धारण कर श्रंद्धाजलि दी गई। इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष पंडित मनीष तिवारी ,श्रीराम जी सेवा समिति के सेवादार भाजपा नेता सुनील राय यादव समाज के वरिष्ठ हरिशंकर यादव, सकल हिन्दू समाज के नगर अध्यक्ष राममनोहर घारू, वरिष्ठ पदाधिकारी नंदन चक्रवर्ती,मन्नू यादव, नंदू रैकवार, आदि श्रंद्धाजलि सभा में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पिता की श्रद्धांजलि सभा में पुत्र ने लिया देह दान का संकल्प

**बनवार।** परसवाहा जैन समाज के वरिष्ठ और चौबीसा के सम्मानित व्यक्तित्व के धनी श्री सुंदर लाल जी जैन ने 85 साल की उम्र में देहविसर्जन किया। सुंदर लाल जैन स्वभाव से स्वाभिमानी और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे उनका संपूर्ण जीवन समाजसेवा एवं जनकल्याण के लिए समर्पित रहा पांच भाइयों में सबसे बड़े सुंदर लाल सम्पूर्ण मंदिर वाले परिवार के मार्गदर्शक थे। आज सगरा बनवार रोड झरोली घटेरा सागर जबलपुर दमोह के साथ परस्वाहा जैन समाज ने सुंदर लाल जी जिनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उनके छोटे पुत्र राजेश जैन जो छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ में शासकीय सेवक के रूप रहकर सेवा प्रदान कर रहे है उन्होंने अपने पिता की श्रद्धांजलि सभा में देह दान का संकल्प लिया उन्होंने नव युवकों से अपील की अपने माता पिता की सेवा और उनके प्रति समर्पण सबसे बड़ी पूजा है। यदि पुत्र पुत्रियों से माता पिता को संतोष है और वह बद्ध अवस्था में सुखमय जीवन जी रहे है तो सारे तीर्थों का पुण्य जागृत होता है । भगवान महावीर के सिद्धांतों का मूल उद्देश्य परोपकारी जीवन है यह नश्वर काया नष्ट होने से पहले यदि किसी के काम आ जाए तो इससे बड़ा मनुष्य धर्म और दूसरा नहीं हो सकता जो पुत्र बुजुर्ग मां पिता को वृद्धा आश्रम छोड़ते है उनसे बड़ा पापी कोई दूसरा पुत्र नहीं हो सकता। श्रद्धांजलि सभा में भाई संतोष जैन, राजेंद्र जैन, सुरेंद्र जैन, देवेंद्र जैन, शिखर चंद जैन, सरपंच किशोर सिंह, रामप्रसाद यादव, गुड्डा जैन, रिंकू जैन, विवेक जैन, शिबू जैन, बनवार प्रदीप जैन के साथ संख्या में ग्रामीणजन एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

## शनि जयंती पर्व आज

**दमोह।** ज्येष्ठ मास में आज 27 मई को शनि जयंती के साथ ज्येष्ठ अमावस्या एवं वट सावित्री व्रत के तीन-तीन शुभ संयोग बन रहे हैं। एक साथ तीन योग बनना भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए शुभ फलदायक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनि देव का जन्म ज्येष्ठ अमावस्या के दिन हुआ था। इसलिए प्रतिवर्ष जेष्ठ मास की अमावस्या को शनि जयंती मनाई जाती है। मान्यता है कि शनि जयंती के दिन शनि देव की विधि विधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए कार्यों में सफलता प्राप्त होने की मान्यता है। इसी के परिपेक्ष में एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में भी शनि जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शनि जयंती पर शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शुभ मुहूर्त में पूजन करना उत्तम रहेगा। इस योग में शुभ मांगलिक कार्यों को करना बेहद उत्तम माना जाता है। एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में शनि जयंती के अवसर पर आज 27 मई को विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जहां शनि देव का पूजन अर्चन अभिषेक आदि किया जाएगा। वहीं शाम 4बजे से हवन के पश्चात महा आरती का आयोजन भी किया जाएगा तत्पश्चात शाम 6 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया है। भक्तजनों से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## चंडी चौपरा में गाय की निर्मम हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम चंडी चौपरा में रविवार बीती रात एक गाय की निर्ममता पूर्वक हत्या किए जाने के विरोध में सोमवार को भगवती मानव कल्याण संगठन एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जबेरा थाना पहुंचकर गौ हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए बताया गया कि ग्राम चंडी चौपरा निवासी राजेश सिंह ठाकुर की गाय की निर्ममता पूर्वक हत्या की गई है जिसके चारों थन काट दिए गए एवं जननांगों पर धारदार हथियारों से चोट पहुंचाई गई और सर पर गंभीर चोट पहुंचा कर निर्दयतापूर्वक हत्या की गई जो सोमवार की सुबह गांव के बाहर मृत अवस्था में पाई गई थी। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि गौ हत्या करने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर निष्पक्ष रूप से कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं विश्व हिंदू परिषद ने कहा है कि गौ हत्यारा को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं विश्व हिंदू परिषद से ऋतिक नामदेव, मोहित राजपूत, राजकुमार रजक, शिवम यादव, निहाल नामदेव, छोटू लोधी, राहुल जैन, अजय खरे, गजेंद्र घोसी, सुदीप अवस्थी, नित्यम जैन, जयकांत लोधी, अभिनंदन लोधी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**हटा।** सनातन संस्कृति में कई व्रत त्यौहार उपवास पूजा पाठ तिथि विशेष पर उत्सव की तरह मनाए जाते हैं इसी तरह ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र व तरक्की के लिए निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर परिक्रमा करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। इस बार वट सावित्री व्रत के साथ इस दिन सोमवती अमावस्या होने के कारण इस दिन की महत्ता और अधिक बढ़ गई। मान्यता है कि इस दिन देवी सावित्री ने यमराज से पति सत्यवान के प्राण वट वृक्ष के नीचे वापिस ले लिए थे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसी मान्यता है कि वट वृक्ष में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में महेश का वास माना जाता है। इसलिए वट वृक्ष की पूजा करने से एक साथ त्रिदेवों की कृपा प्राप्त होती है। इतना ही नहीं, वट सावित्री के दिन वट वृक्ष पर यमराज निवास करते हैं, जिससे विवाहित स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए यमराज से प्रार्थना करती हैं। वट सावित्री का व्रत आरोग्य प्राप्ति के लिए भी माना जाता है। नगर में नदी किनारे धार्मिक स्थानों पर लगे बट वृक्ष के नीचे सैकड़ो महिलाओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।

## लीनेस मैत्री द्वारा छाछ, सत्तू वितरण




**दमोह।** गर्मियों की तपती धूप और बढ़ते तापमान को देखते हुए, मैत्री क्लब द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए स्थानीय वृद्धाश्रम में सेवा कार्य संपन्न किया गया। इस सेवा गतिविधि के दौरान संस्थान के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे सभी वृद्धजनों को पोषण से भरपूर सत्तू, ठंडक देने वाली छाछ और गर्मी से बचाव हेतु सूती कपड़े का गमछा वितरित किया। इसके बाद सभी वृद्धजन के साथ एरिया ऑफिसर रोजी बग्गा ने भजन कीर्तन कराया। अध्यक्ष स्मृति खरे ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य वृद्धजनों को गर्मी से राहत प्रदान करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना था। सत्तू और छाछ जैसे पारंपरिक पेय न केवल शरीर को ठंडक देते हैं, बल्कि गर्मियों में शरीर को जरूरी ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। वहीं, गमछा धूप से बचाव का एक प्रभावी माध्यम है। सचिव पूजा सचदेव ने इसके लिए संस्था के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। ज्योति सचदेव और रजनी खरे ने बताया कि सामाजिक सेवा कार्य नियमित रूप से किए जाते रहेंगे ताकि समाज के वरिष्ठजनों को सम्मान और सहयोग मिलता रहे। इस सेवा गतिविधि में जया बुधवानी, कंचन खत्री, एकता जुनेजा, मनीषा तिवारी, पिंकी जुनेजा की सक्रिय भागीदारी रही।

## खबर संक्षेप

### जन सहयोग से बेलाताल में सफाई कार्य किया जा रहा है-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जन सहयोग से पिछले 01 साल से सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं। 08 जून को इसका 50 वा और आखिरी कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में यदि लोगों की सहमति बन जाती है तो मुकेश नायक पाठक कॉलोनी वाला तालाब को लेने का प्रयास किया जायेगा। जनता के सहयोग से कुल मिलाकर के इस प्रकार से शहर के सारे तालाबों को साफ करने के लिए कदम बढ़ा रहे हैं, आप सबका इसमें सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया जल गंगा सवंर्धन अभियान चल रहा है और बारिश आने वाली है तो दीवान जी की तलैया का काम बड़ा तेजी से चला रहे हैं, हमारा लक्ष्य दीवान जी की तलैया को हम पूरी तरह से साफ कर दे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आवाहन सभी से करना चाहता हूँ कि वहाँ पर मिट्टी बहुत उर्वरक क्षमता और उपजाऊ मिट्टी है, तो यदि कोई उस मिट्टी को ले जाना चाहते हैं या अपने गार्डन, अपने खेत में उपयोग करना चाहते हैं, तो आप अपने साधन ट्रैक्टर-ट्रॉली ले करके आ सकते हैं। आप उसको निशुल्क निकाल करके बिलकुल ले जा सकते है। यदि वहाँ से आपको मुरम चाहिए तो उसके लिए पे करना पड़ेगा। पे करके आप नियम अनुसार वहाँ से भी ले सकते हैं। इससे दोनों फायदे हो जाएंगे, तालाब भी साफ हो जाएगा और आपके खेत-खलियान, गार्डेन्स, नर्सरीज को भी बहुत फायदा।

### शिक्षक की मौत के प्रकरण में पुलिस ने किया खुलासा, आरटीआई कार्यकर्ता से प्रताड़ित होकर एफआईआर के डर से शिक्षक ने की थी आत्महत्या

# न हत्या हुई, न लूट शिक्षक ने की थी आत्महत्या

## पुलिस ने आरटीआई कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा/दमोह

विगत 15 मई की रात्रि करीबन साढे 10 बजे थाना क्षेत्र के हार्ट नहर के पास हटा पुलिस को एक व्यक्ति के गंभीर रूप से जलने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसकी ईलाज के दौरान जिला अस्पताल दमोह में मौत होने पर थाना हटा में मर्ग क्रमांक 36/25 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर जांच मे लिया गया।

सोमवार को पुलिस थाना हटा में एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन ने थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष की उपस्थिति में प्रकरण में खुलासा करते हुए बताया कि 15 में की विगत रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि हारट नहर के पास शिक्षक राजेश त्रिपाठी के साथ लूट कर आग लगा दी गई जिसकी इलाज के दौरान दमोह में मौत हो गई थी घटना उपरांत तुरंत ही मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा त्वरित रूप से पुलिस टीमें गठित की गई। सायबर सेल टीम, फारेसिंक एक्सपर्ट टीम , फिंगर प्रिंट टीम एवं डॉग स्कवॉड द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया साथ ही वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा भी घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना स्थल पर हत्या अथवा लूट जैसे कोई भी साक्ष्य नही पाये गये। घटना स्थल पर मृतक की खडी हुई मोटर साईकिल पर मृतक का थैला टंगा हुआ मिला था जिसमे कुछ दस्तावेज और 1200 रूपये नकदी भी रखी हुई थी।

वहीं घटना स्थल आने-जाने के मध्य एक टोल टेक्स घटना स्थल के करीबन एक कि.मी पहले स्थित है उक्त टोल प्लाजा व कस्बा हटा के करीबन 200 कैमरों की सीसीटीव्ही फुटेज देखी गई उक्त सीसीटीव्ही फुटेज में मृतक के पीछे कोई भी संदिग्ध मोटरसाईकिल अथवा व्यक्ति पीछे करते हुए नही दिखाई दिये।

एसडीओपी ने बताया कि मृतक की पत्नि एवं परिवारजनों के द्वारा बताया गया कि, मृतक घटना दिनांक 15 मई की शाम 7.30 बजे घर से हटा में प्यासी जी के यहां शादी में जाने की कहकर हड़बड़ाहट में निकले थे जो जानकारी लगाने पर उक्त तथ्य झूठ होना पाया गया । मृतक के द्वारा घर पर शादी में जाने की बात झूठी बताकर जाना प्रश्नचिन्ह जांच पर आया ।

मर्ग जांच पर मृतक के ऊपर करीबन 30-40 लाख रूपये के कर्ज होने की बात एवं और भी पैसे की आवश्यकता होने की बात सामने आई। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि, दिनांक 15 मई अर्थात घटना दिनांक को ही सोशल मीडिया पर जिला दमोह में पदस्थ 40 शिक्षकों पर एफआईआर किये जाने के आदेश संबंधी न्यूज प्रकाशित हुई थी ततसंबध में जानकारी प्राप्त हुई कि, मृतक शिक्षक राजेश त्रिपाठी के विरूद्ध भी माह जनवरी 2025 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दमोह को एक किसी पी के सिंह पत्रकार नामक व्यक्ति द्वारा लिखित शिकायत आवेदन पत्र प्रेषित किया गया था जिसमे मृतक के द्वारा फर्जी डीएड की मार्कशीट लगाकर नौकरी प्राप्त किया जाना का उल्लेख किया गया था उक्त शिकायत अभी जांच में लंबित है ।

### पुलिस ऐसे पहुंची आरोपी तक

कहावत है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और कोई पानी डूबा भी इससे बच नहीं सकता कुछ इसी प्रकार की घटना में खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मर्ग प्रकरण की जांच पर मृतक के द्वारा घर से शादी में हटा जाने की झूठ बोलकर हड़बड़ाहट में निकलना, घर से बिना पैसे लिये जाना , बैंक खाते से या अन्य माध्यम से भी उक्त दिनांक को पैसे नही निकालना, घटना स्थल पर थैला सुरक्षित रूप से मोटरसाईकिल पर टंगा मिलना , घटना स्थल पर लूट अथवा बल का प्रयोग किये जाने संबधी साक्ष्य उपलब्ध नही होना , सीसीटीव्ही फुटेज में कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई नही देना, मृतक पर लंबी रकम का लोन एवं कर्ज होना तथा घटना दिनांक को ही फर्जी शिक्षकों पर एफआईआर के आदेश संबंधी न्यूज का प्रकाशन होना, मृतक के विरूद्ध फर्जी डीएड की मार्कशीट लगाकर नौकरी प्राप्त करने की शिकायत लंबित होना मर्ग सदर की घटना संदिग्ध प्रतीत हुई।

मृतक के द्वारा इतना पैसा लोन अथवा उधार किस बात के लिये लिया गया ? इस तथ्य पर जांच सघनता से की गई जो मृतक के मोबाईल नंबर की सीडीआर पर पाये गये साक्ष्य एवं स्वंतत्र साक्षीयान के द्वारा अपने कथन में जितेन्द्र भट्ट निवासी ग्राम हररई थाना तेजगढ़ हाल इटारसी जिला नर्मदापुरम के द्वारा वर्ष 2018 से फर्जी डीएड की मार्कशीट होने की बात कहकर मृतक शिक्षक स्व. श्री राजेश त्रिपाठी के विरूद्ध शिकायत करने एवं एफआईआर कर जेल भिजवाने की धमकी देकर कुल 20-22 लाख रूपये ऐठने एवं इतने के बाद भी और पांच लाख रूपये की मांग करने न देने पर लिखित शिकायत करने की बात बताई गई। मृतक के सीडीआर के अवलोकन पर संदेही जितेन्द्र भट्ट के द्वारा मृतक से संपर्क में होना पाया गया है। संपूर्ण जाँच पर जितेन्द्र भट्ट के विरूद्ध मृतक शिक्षक राजेश त्रिपाठी को वर्ष 2018 से लगातार ब्लैकमेल कर लाखो रूपये ऐठने, इसके बाद भी पांच लाख रूपये और मांगने, मृतक शिक्षक के द्वारा पैसे नही देने पर उसके विरूद्ध शिकायत आवेदन जिला पंचायत कार्यालय दमोह में प्रस्तुत करने से मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित होकर दिनांक 15 मई को आग लगाकर आत्महत्या करना पाया गया है। जिससे आरोपी जितेन्द्र भट्ट के विरूद्ध थाना हटा मे अपराध क्रमांक 187/25 धारा 108 बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी जितेन्द्र भट्ट को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

गंभीर घटना की गुत्थी सुलझाने में पुलिस अधीक्षक श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन, एसडीओपी पथरिया श्री रघु केसरी के मार्गदर्शन में थाना हटा, कुम्हारी, मडियादो पुलिस टीम एवं सायबर सेल टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी



**दमोह।** चौकी जबलपुर नाका थाना दमोह देहात द्वारा भारी मात्रा में अवैध अग्रेंजी शराब पकडी है। पुलिस से प्राप्त जानकारीक के देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी जबलपुर नाका एवं स्टाफ द्वारा दिनांक 25/05/25 को समन्ना तरफ से एक सफेद रंग की **XUV** गाडी मे अवैध शराब सूचना में हमराह स्टाफ के शासकीय वाहन क्रमांक **MP**03 **A**3655 के आरिफ की दुकान के सामने पहुंचकर वाहन चेकिग लगाई गई । वाहन चेकिग के दौरान समन्ना तरफ से एक सफेद रंग की **XUV** गाडी को रोका गया। **XUV** गाडी क्र. **XUV HR** 26 **CK**8434 को चेक किया, जिसमें 24 पेटी अवैध अग्रेजी शराब जब्त होने से धारा 34 धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट के तहत अपरध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने 24 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती 2 लाख रूपये, एक एक्सयूव्ही **HR**26**CK**8434 चार पहिया गाडी कीमती 10 लाख रूपये को जब्त किया है। पुलिस ने चालक शुभम राजपूत पिता नारायण राजपूत उम्र 23 साल निवासी बाहूबली कालोनी गुजराती बाजार सागर, आमिर खान पिता तदीर खान उम्र 25 साल निवासी माता मडिया चन्द्र शेखर वार्ड मोती नगर सागर को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही में सउनि आनंद कुमार चौकी प्रभारी जबलपुर नाका, सउनि अभय सिंह, प्र. आर. सचिन नामदेव, प्र. आर. दीपक सिह, म.आर. सुमन यादव, प्र.आर हरगोविन्द, प्रआर नंदलाल आर. जितेन्द्र, आर. पवन आर. अजय पटैल, सैनिक महफूज सैनिक साहव लाल समस्त चौकी जबलपुर नाका की भूमिका रही।

# सीमांकन, बटवारा, नामांतरण, पेंशन के प्रकरणों का प्राथमिकता से होगा निराकरण

### 28 मई से 20 जून तक लगातार चलेगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया आज 27 मई को जन सुनवाई में कुछ स्पेशल जन सुनवाई आयोजित की जा रही हैं। सभी एसडीएम और सभी ग्राम पंचायतों को कहा है की एसडीएम लेवल पर खास तौर से नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के केसेस आएँगे। आमजन से मेरा आग्रह है कि ग्रामीण क्षेत्र में विशेष रूप से जिनके भी नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण हैं, जन सुनवाई में सारे एसडीएम उनको सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे। उन्होंने नागरिकों से कहा अधिक से अधिक संख्या में एसडीएम कार्यालय में पहुंचे और अपने प्रकरण का निराकरण कराएं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा विकासखंड स्तर पर जन सुनवाई खास तौर से पेंशनर्स के लिए करने का भी प्रावधान किया हैं। यदि ब्लॉक लेवल पर एस डीएम के पास जाना चाहते हैं, कोई पेंशन प्रकरण लंबित है जो ब्लॉक लेवल से ही निराकृत होना है, तो ऐसे सभी पेंशनर्स एसडीएम कार्यालय में जाकर अपने पेंशन प्रकरण के निराकरण की कार्यवाही करा सकते हैं। उन्होंने कहा इसके अलावा यदि जिला स्तर पर प्रकरण का निराकरण करना चाहते हैं तो जिले की जन सुनवाई में भी पेंशनर आ सकते हैं और इनका निराकरण करा सकते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कमिश्नर सागर के मार्गदर्शन में पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए एक मेगा शिविर लगा रहे हैं। ये कार्यक्रम 28 मई से 20 जून तक लगातार चलेगा। इसमें पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा, उनके पेंडिंग केसेस का निपटारा किए जाएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने पेंशनर्स से कहा यदि प्रकरण के निपटारे में कोई दिक्कत है तो दमोह हेल्पलैन में शिकायत कर सकते है। जिला पेंशन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जन सुनवाई में आ सकते हैं और अपने प्रकरण का निराकरण करवा सकते हैं।

## चंडी चौपरा में गाय की वीभत्स हत्या से जमकर आक्रोश

**बनवार।** जिले के जबेरा थाना अंतर्गत चंडी चौपरा ग्राम में एक गाय की वीभत्स हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है और थाने में ज्ञापन सौंपा है। गाय की हत्या का कारण बताया जा रहा है कि वह मूंग उड़द की फसलों को खा जाती थी, जिससे किसानों को गाय से नफरत हो गई थी। आरोपियों ने गाय को पहले बांध लिया और फिर उसके चारों थनों को धारदार हथियार से काट दिया और गुप्तांग और मुंह को चोट पहुंचाई। जबेरा थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की और साक्ष्य एकत्रित करने में लगी हुई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के अंदर आरोपी नहीं पकड़े गए तो उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# कर्मचारी विहीन हुआ, पशु औषधालय




हरिभूमि न्यूज ⏭ गेसाबाद

मध्य प्रदेश के अंदर ऐसे अनेक कार्यालय हैं जो कर्मचारीयो की कमी के चलते महीने में कभी कभार ही, खोले जाते होंगे, ऐसा ही ग्राम गैसाबाद का पशु औषधालय कार्यालय है जो महीना में कभी कभार ही खुलता है, बाकी समय कार्यालय में ताला लटकता रहता है प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के ही निवासी रामकृपाल बर्मन के रिटायरमेंट होने के बाद ग्राम का पशु औषधालय कर्मचारी विहीन हो गया है, शासन के नियम अनुसार तो इस कार्यालय में चार कर्मचारियों की पद स्थापना है, लेकिन ग्राम के कार्यालय में एक भी कर्मचारी पदस्थ नहीं है कुछ हटा के कर्मचारियों को यहां का अतिरिक्त प्रभार देकर खानापूर्ति की जा रही है,डॉक्टर के नहीं होने से पशुपालकों को अपने मवेशियों का इलाज करने में भारी असुविधा हो रही है मजबूरी बस उन्हें अपने मवेशियों का इलाज किसी प्राइवेट जड़ी बूटी से इलाज करने वाले व्यक्ति से कराना पड़ रहा है जिसमें उन्हें पैसा भी लगता है और अनुभवहीन डॉक्टरो से इलाज करा कर मवेशियों की जान का जोखिम बना रहता है, ग्राम गैसाबाद का यह पहला कार्यालय नहीं है जिसमें कर्मचारी नहीं है, बल्कि इसी तरह ग्राम का उप तहसील कार्यालय भी कर्मचारी विहीन बना हुआ है उप तहसील कार्यालय में भी तहसील का कोई कर्मचारी नहीं बैठता है जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, ग्रामीण जनों ने शासन और प्रशासन से शासकीय कार्यालय में कर्मचारियों की पद स्थापना करने और कर्मचारियों को अपने मूल मुख्यालय पर बैठने के लिए आदेशित किये जाने की मांग की है, इस मामले पर जब संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से बात की तो हमेशा की तरह उनका वही जवाब की मैं देखता हूं मामला क्या है, अधिकारी पत्रकारों से तो बोल देते हैं कि मैं देखता हूं, लेकिन शायद वह देखते कभी नहीं है, तभी तो कोई समस्या का हल नहीं हो पता है।

# नगरवासियों के लिये प्याऊ तक की व्यवस्था नहीं

**हिण्डोरिया।** वर्तमान में नगर परिषद हिंडोरिया के नागरिक एवं बाहरी यात्रियों को इस भीषण गर्मी मे नगर में कोई सार्वजनिक स्थल पर कोई प्याऊ की व्यवस्था न होने के चलते आये दिन परेशान होना पड़ रहा है। नगर के पार्षद गनेश सिंह , लक्ष्मण पटेल, अन्नू राजपूत ने बताया कि इन दिनों नगर में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। नौतपा भी शुरू हो गए हैं । किंतु नगर कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नगर परिषद द्वारा आज तक किसी तरह की कोई सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है। इस कारण पिछले 2-3 माह से आम नागरिकों, विशेष कर बाहर से नगर मे आने वाली मुसाफिरों, यात्रियों , महिलाओं, बच्चों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होकर भटकना पड़ रहा है। एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि नगर के मेंन मार्केट, बस स्टैंड, चौगडडा, पटेरा नाका क्षेत्र में नित बड़े स्तर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की आवाजाही सुबह शाम बनी रहती। लेकिन कर्तव्य विमूढ़ढ़ता के लिये चर्चित नगर परिषद हिंडोरिया द्वारा बातें तो बड़ी-बड़ी की जाती हैं । लेकिन प्याऊ जैसी मूलभूत सुविधा भी लोगों को मुहैया नहीं कराई जा रही है। लोगों का साफ कहना है कि नाम एवं बातें बड़ी-बड़ी - प्याऊ तक की व्यवस्था नहीं। हालांकि की नगर में कुछ लोगों ने हल्की-फुल्की प्याऊ की व्यवस्था करके नगर परिषद को मानवता का पाठ पढ़ने का काम अवश्य किया है। इसके बाद भी नगर परिषद के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। इस संबंध में कई बार सी एम ओ गजेंद्र सिंह लोधी से बातचीत करना चाही। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। नगर परिषद में वर्तमान मे आम नागरिकों की कोई सुनने वाला नहीं है। नगर वासियों का कोई धनी धोरी नहीं है। भगवान भरोसे जीने वाले नगर के संभ्रांत एवं भोले भाले नागरिकों ने नगर परिषद से नगर हिण्डोरिया के सभी सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था करने की मांग की है।

# कृषि उपज मंडी गेट पर शराब दुकान का पुरजोर विरोध, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

नगर के सागर नाका क्षेत्र में कृषि उपज मंडी गेट के बाहर तथा सागर स्टेट हाईवे से चंद कदम की दूरी पर संचालित देसी अंग्रेजी शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को एक बार फिर विरोध प्रदर्शन तथा ज्ञापन का दौर चला। बाद में शाम को प्रबुद्ध जनों के साथ पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक भी हुई इसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही यहां से शराब दुकान को आगे बढ़ाए जाने के निर्देश दिए जा सकते हैं। दमोह सागर स्टेट हाईवे पर कृषि उपज मंडी गेट के बाहर संचालित देसी अंग्रेजी शराब दुकान को हटाए जाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है। वही 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नए वित्तीय वर्ष के शराब ठेकों के पूर्व प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइन जारी की गई थी उसमें कृषि उपज मंडी गेट पर संचालित हृदयपुर शराब दुकान को यहां से आगे ले जाने पर सहमति जताई गई थी। उसके बावजूद 1 अप्रैल से शराब



दुकान का संचालन जहां का था शुरू कर दिए जाने पर कुछ दिन बाद ही स्थानीय लोगों का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था।

आज के धरना प्रदर्शन ज्ञापन के दौरान समाज सेवी संतोष भारती, शेरा जैन, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल आशीष जैन शास्त्री सहित सागर नाका कृषि उपज मंडी क्षेत्र के स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। इस मामले में लोगों के अपने-अपने तर्क थे। मसलन शराब दुकान स्टेट हाईवे के एकदम नजदीक है आसपास मंदिर तथा विद्यालय संचालित है कृषि उपज मंडी में आने वाले किसान तथा व्यापारियों को शराबी तत्वों की वजह से नुकसान तथा परेशानी उठाना पड़ती है आसपास के रहवासी क्षेत्र के लोगों को भी इस सर आप दुकान की वजह से आए दिन अनावश्यक अप्रिय माहौल का सामना करना पड़ता है।

उपरोक्त शराब दुकान हटाए जाने की मांग को लेकर विभिन्न समाज संगठन संस्थानों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूर्व में भी ज्ञापन दिए गए थे।

जिस पर कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम तहसीलदार सीएसपी टीआई आदि ने यहां के हालातो की जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी थी.. इधर स्थानीय लोगों द्वारा पिछले महीने किए गए आंदोलन का अल्टीमेटम खत्म होने के बाद आज 26 मई को पुनः धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन देकर अपनी बात रखी गई। जिसके बाद एसडीएम आरएल बागरी तथा सीएसपी अभिषेक तिवारी की मौजूदगी में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आबकारी विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय निवासियों के प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक हुई। जिसमें देर तक विचार विमर्श के बाद यह आश्वस्त किया गया कि पूरे हालात की रिपोर्ट कलेक्टर को सौपी जा रही है।

इसके बाद जल्द ही यहां से शराब दुकान को आगे स्थानांतरित किए जाने के दिशा निर्देश आबकारी अधिकारी द्वारा जारी किए जा सकते हैं।

# पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का आरोप

**तेंदूखेड़ा।** सहजपुर निवासी मुन्ना टेनगुरिया ने एसडीएम के नाम एक शिकायती आवेदन दिया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि पूर्व में मैं तेंदूखेड़ा पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने गया था जहां मुझसे जीरो बैलेंस वाले खाता खुलवाने के 200 रूपये लिए गए। जब मैंने पूछा तो मुझे बोला गया कि इतने ही पैसे खाता खुलवाने के लगेंगे, खुलवाना है तो खुलवाओ पैसे लेकर मेरा खाता खोला गया। जिसमें खाता खुलवाने के बाद किसान सम्मान निधि के पैसे जमा हुए। फिर कुछ दिन बाद मेरे खाते को जब मैंने चेक करवाया तो मुझे पता चला कि मेरे बिना पोस्ट ऑफिस गए, मेरी बिना अनुमति के मेरे खाते से राशि 7075 रूपये और दूसरी बार 2000 रूपये राशि निकाल ली गई। कुल राशि 9075,रूपये मेरे खाते में किसी अन्य का मोबाइल नंबर अपडेट कर दिया गया था। जब मैं बैंक की शाखा में जानकारी लेने गया तो उन्होंने मेरा मोबाइल नंबर मेरे खाते में अपडेट कर दिया। जब मैं बैंक कर्मचारियों से अपने पैसे मांगे तो मेरे ऊपर ही आरोप लगाकर मुझसे कहा कि जहां जाना है चले जाओ कर्मचारी ने अपने आरोप लगाते हुए कहा कि आपने ही पैसा निकलवाया है। जब में इंडियन पेमेंट बैंक की हेड ऑफिस दमोह गया तो वहां से मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि मेरे खाते से शाखा के कर्मचारी दिनेश साहू जिसकी आईडी 1376530 से दिनांक 25 मई को 7075 और अमनप्रीत आईडी 1622 858 से दिनांक 3 मई 25 को 2000रूपये की राशि निकाली गई है। मुझे मेरे पैसे वापस दिलाने और ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये वरिष्ठ अधिकारियों से न्याया दिलाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम सौरभ गंधर्व का कहना है कि शिकायती आवेदन मेरे पास आया है जिसमें पोस्ट ऑफिस के दो कर्मचारी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई है। मैं इस संबंध में पोस्ट ऑफिस के प्रबंधक से बात की है। उनका कहना है हम जानकारी प्राप्त करते है दमोह से। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाएगी तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजकर कार्यवाही करवाई जाएगी।

## प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निशुल्क कोचिंग में हुआ टेस्ट

**दमोह।** जिला प्रशासन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के कृषि संकाय के कक्ष में संचालित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निशुल्क कोचिंग में तीसरा टेस्ट लिया गया, जिसमें भौतिक विज्ञान के 25 प्रश्न, गणित के 25 प्रश्न, जीव विज्ञान के 50 प्रश्न, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र के 50 प्रश्न एवं पशुपालन एवं कुक्कुट पालन के 50 प्रश्न सहित 200 प्रश्नों का टेस्ट लिया गया था। उपसंचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया टेस्ट में टॉप 5 छात्रों में प्रथम स्थान पर रहे विद्यार्थी नितेश पटेल को पिछले 30 वर्ष के साल्व्ड प्रश्न पत्र की पुस्तक एवं अन्य टॉप 5 में आने वाले विद्यार्थियों को 1500 पेज के नोट्स निशुल्क उपलब्ध कराए गए।

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री देवेन्द्र तंतुवाय पिता श्री मनमोहन तंतुवाय वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र. 158/6 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया। गया है। भूमि क्रमांक/भवन क्रं. 158/6 वार्ड क्रमांक 01 श्री दयाराम कुर्मी पिता श्री हजारी कुर्मी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 26/05/2025 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा**
**जिला दमोह (म.प्र.)**

**In The Court Of I Civil Judge Class- I District Court, Damoh**
Presiding Officer:- सुश्री स्नेहा सिंह
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJCSUC/0000005/2025
लक्ष्मी बाई ................ आवेदक
Vs
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपत पंचायत .. अनावेदक
TID- 1704/2025
Process Id- 140/2025
पेशी दिनांक:- 25/06/2025

प्रेषिती
(1) आम जनता पता-दमोह जिला दमोह

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीबाई पता ने मृतक स्व. महेन्द्र कुमार (कटारया) निवासी बजरिया वार्ड न. ४ हजारी की तलैया तहसील व जिला दमोह की राशि/संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 ख४ल्ली 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 June 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 23 May 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

न्यायाधीश
न्यायालय की मुद्रा (स्नेहा सिंह)
सील
प्रथम व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।